दैनिक भारत कि

# तामीर

संपादक - काझी मकदूम शफीउद्दीन hinditameer@gmail.com

Editor in chief- Qazi makhdoom shafiuddin

बीड (महाराष्ट्र) | वर्ष–१ ला | अंक–३०४ वा | गुरूवार ५ जून २०२५ | RNI TITLE CODE:MAHHIN11405/120/1/3/2024 | किमत : २ रूपये | पन्ने – ४

## लाउडस्पीकर के मुद्दे पर मुस्लिम समाज को टारगेट किया जा रहा है– सना मलिक ने अजित पवार से की मुलाकात

मुंबई: संवादाता

राज्य में लाउडस्पीकर को लेकर की जा रही कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए पूर्व मंत्री नवाब मलिक की विधायक बेटी और सामाजिक कार्यकर्ता सना मलिक ने कहा कि इस मुद्दे पर केवल मुस्लिम समाज को निशाना बनाया जा रहा है, जो पूरी तरह एकतरफा और संविधान तथा उच्चतम न्यायालय के मार्गदर्शक सिद्धांतों के खिलाफ है। किसी भी एक समुदाय को चुनकर उत्पीड़न करना किसी भी कानून में जायज़ नहीं है।



इस संबंध में सना मलिक ने पूर्व विधायक झिशान सिद्दीकी, समाजसेवी नजीब मुल्ला और अन्य प्रतिनिधियों के साथ उपमुख्यमंत्री अजित दादा पवार से मुलाकात की और उन्हें इस गंभीर स्थिति से अवगत कराया। प्रतिनिधिमंडल ने उपमुख्यमंत्री से अनुरोध किया कि प्रशासन को निष्पक्ष और न्यायसंगत कार्यवाही के निर्देश दिए जाएं। मतदाताओं की सेवा और सामाजिक कार्यों में अग्रसर पूर्व मंत्री नवाब मलिक की बेटी सना मलिक अपने पिता के पदचिह्नों पर चलते हुए जनसेवा और सामाजिक कार्यों में लगातार सक्रिय हैं। उन्होंने अल्पसंख्यक समुदाय से जुड़े मुद्दों को मजबूती से उठाया है और न्याय की मांग की है

# बेंगलुरु: जीत का जश्न मातम में बदला, चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर भगदड़; ११ की मौत, दर्जनों घायल

बेंगलुरु, ४ जून (प्रतिनिधि):

आईपीएल २०२५ की ऐतिहासिक जीत के बाद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (ठउइ) के प्रशंसकों का उत्साह मातम में बदल गया, जब चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर मंगलवार रात एक बड़े जश्न के दौरान भगदड़ मच गई, जिसमें कम से कम ११ लोगों की मौत और दर्जनों के घायल होने की खबर है। हालांकि सरकार ने अब तक मृतकों की संख्या की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है।

क्या हुआ हादसे के समय?

ठउइ की पहली आईपीएल ट्रॉफी जीतने की खुशी में हज़ारों प्रशंसक स्टेडियम और शहर की सड़कों पर जमा हो गए। विराट कोहली और टीम के स्वागत के लिए विधान सौध से स्टेडियम तक विजय जुलूस





(तळलींू झरीरवश) की योजना थी, लेकिन आयोजकों ने सुरक्षा कारणों से परेड रद्द कर दी। इसकी सूचना मिलने के बावजूद स्टेडियम के आसपास भारी भीड़ जमा हो गई, जिससे हालात बेकाबू हो गए।

भीड़ प्रबंधन में चूक और पुलिस की प्रतिक्रिया

पुलिस के अनुसार, जब भीड़ को नियंत्रित करने का प्रयास किया गया तो स्थिति और बिगड़ गई और भगदड़ मच गई। बेंगलुरु पुलिस ने हल्का लाठीचार्ज कर भीड़ को हटाने की कोशिश की, लेकिन इससे स्थिति और भयावह हो गई। घायल लोगों को तत्काल पास के अस्पतालों में पहुँचाया गया। पुलिस ने मृतकों की पहचान की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

भीड़ अनुमान से कई गुना ज़्यादा

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के अनुसार, हमें जितनी भीड़ की उम्मीद थी, असल में उससे कई गुना ज़्यादा लोग जुटे थे। स्टेडियम के आसपास भारी ट्रैफिक जाम ने राहत और बचाव कार्यों को भी मुश्किल बना दिया।

इउउख और राज्य सरकार को ऐसे आयोजनों के लिए विशेष डजझ बनाने की आवश्यकता है, जिससे फैन मैनेजमेंट और आपातकालीन प्रतिक्रिया बेहतर हो सके।

ठउइ प्रबंधन और आयोजकों की ओर से लाइव ट्रैफिक अपडेट, भीड़ नियंत्रण चेतावनी या स्टेडियम क्षेत्र में डिजिटल गाइडेंस की कोई व्यवस्था नहीं थी, जिससे हालात और बिगड़ गए।

इस हादसे ने दिखा दिया कि भारत में भीड़ प्रबंधन और सार्वजनिक सुरक्षा अभी भी एक बड़ी चुनौती है, खासकर बड़े खेल आयोजनों या विजय जुलूस जैसे मौकों पर।

शोक संवेदना और प्रतिक्रिया

मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने घटना पर गहरा शोक जताया है और मृतकों के परिजनों के लिए मुआवज़े की घोषणा करने की बात कही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी हादसे को 'दिल दहला देने वाला' बताया और संवेदना व्यक्त की।

यह सिर्फ एक हादसा नहीं, एक चेतावनी है – कि भारत को अपने उत्सवों की सुरक्षा को अब गंभीरता से लेना होगा।

## समुपदेशन के माध्यम से तबादले; मंत्री पंकजा मुंडे का पशुपालन अधिकारियों ने किया आभार प्रकट

### गोपीनाथ गड पर आयोजित कार्यक्रम में अधिकारियों ने सौंपा आभार–पत्र

परळी वैजनाथ, ४ जून:

महाराष्ट्र राज्य के पशुपालन विभाग में पहली बार समुपदेशन (काउंसलिंग) के माध्यम से स्थानांतरण की प्रक्रिया पूरी की गई। इस ऐतिहासिक और पारदर्शी निर्णय से प्रसन्न हुए अधिकारियों ने सोमवार को गोपीनाथ गड में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान राज्य की पशुपालन मंत्री पंकजा मुंडे से भेंट कर उनका आभार व्यक्त किया और उन्हें धन्यवाद पत्र सौंपा।

ज्ञात हो कि हाल ही में मंत्री पंकजा मुंडे ने विभाग के अधिकारियों के स्थानांतरण समुपदेशन प्रणाली के आधार पर किए थे, जिससे प्रत्येक अधिकारी को अपनी पसंद के अनुसार पदस्थापना प्राप्त हुई। इस निर्णय से उत्साहित होकर विभिन्न जिलों के अधिकारी एक कार्यशाला के बहाने परळी में एकत्रित हुए थे



और उन्होंने गोपीनाथ गड कार्यक्रम में भाग लेकर मंत्री पंकजा मुंडे से भेंट की।

अधिकारियों द्वारा सौंपे गए आभार–पत्र में उल्लेख किया गया कि महाराष्ट्र राज्य के पशुपालन विभाग की स्थापना २० मई १८९२ को हुई थी। समय के साथ विभाग की भूमिका और स्वरूप में परिवर्तन आया, परंतु मूक प्राणियों की सेवा करने वाला यह विभाग वर्षों तक अपेक्षाकृत उपेक्षित ही रहा। मंत्री पंकजा मुंडे के रूप में विभाग को एक सशक्त आवाज और नेतृत्व प्राप्त हुआ है।

पशुसंवर्धन, पशु चिकित्सा, पशु उत्पादों और मानवीय स्वास्थ्य में इनकी भूमिका को समझते हुए मंत्री महोदया ने विभाग की पुनर्रचना के तहत मूलभूत पदों जैसे कि पशुधन विकास अधिकारी एवं अन्य आवश्यक पदों को समाविष्ट किया। यह निर्णय पशुपालन विभाग के इतिहास में एक स्वर्णिम युग की शुरुआत मानी जा रही है।

इस अवसर पर पुणे के अतिरिक्त आयुक्त डॉ. शीतल मुकणे, संचालक डॉ. भिकाने, डॉ. राजेश्वर कदम, डॉ. विजयकुमार देशमुख, बीड़ जिला परिषद के जिला पशुपालन अधिकारी डॉ. मोरे, डॉ. रमण देशपांडे, डॉ. आघाव सहित औरंगाबाद (छत्रपति संभाजीनगर) विभाग से आए अनेक पशु चिकित्सक एवं महाराष्ट्र पशुवैद्यकीय राजपत्रित संघटना के पदाधिकारी भी उपस्थित थे।

## माजलगांव में 'तिर्रट' नामक जुए के अड्डे पर छापा, ४२ हजार से अधिक का माल जब्त

### ब्रम्हगांव के मकान में छापा मारकर ७ लोग जुआ खेलते हुए गिरफ्तार

माजलगांव (प्रतिनिधि), ४ जून:

माजलगांव शहर पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर शहर के समीप स्थित ब्रम्हगांव में एक घर पर छापा मारते हुए जुए के अड्डे का भंडाफोड़ किया। इस कार्रवाई में पुलिस ने 'तिर्रट' नामक जुए के खेल में लिप्त ७ आरोपियों को रंगेहाथ गिरफ्तार किया और कुल ४२,५१० रुपये का जुआ सामग्री जब्त की।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, अंशीराम राधाकिसन कांबळे के ब्रम्हगांव स्थित घर में जुआ खेला जा रहा था। पुलिस द्वारा की गई छापेमारी के दौरान युवराज प्रभाकर डोईफोडे, संकेत माणिक कांबळे, बाबासाहेब आश्रुबा कांबळे, बाळु रामभाऊ कांबळे, भानुदास पांडुरंग कांबळे, अंशीराम राधाकिसन कांबळे, तथा प्रशांत माळीबा कांबळे–सभी निवासी ब्रम्हगांव, तहसील



माजलगांव–एक चटाई पर गोल बैठकर 'तिर्रट' नामक जुआ खेलते हुए पाए गए।

मौके से पुलिस ने ५२ पत्ते, विभिन्न कंपनियों के ६ मोबाइल फोन, तथा नकद राशि सहित कुल ४२,५१० रुपये मूल्य का माल जब्त किया है। आरोपियों के खिलाफ माजलगांव शहर पुलिस स्टेशन में अपराध क्रमांक २०६/२०२५ के तहत महाराष्ट्र जुआ प्रतिबंधक अधिनियम की धारा ४ और ५ के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है।

यह कार्रवाई बीड के पुलिस अधीक्षक नवनित कॉवत, अप्पर पुलिस अधीक्षक (अंबाजोगाई) श्रीमती चेतना तिडके के मार्गदर्शन में तथा पुलिस निरीक्षक राहुल सूर्यतळ, सहायक पुलिस निरीक्षक प्रल्हाद मुंडे, पो.उ.नि. संदीप राठोड और पुलिस हवलदार राम भंडाण की टीम द्वारा की गई।

Safdar Ali Deshmukh Welfare Trust's

**MODEL ENGLISH HIGH SCHOOL**

Masrat Nagar, Jijamata Chowk, Beed.

&

Safdar Ali Deshmukh Welfare Trust's

**MODEL ENGLISH SCHOOL**

(Pre-Primary & Primary)

Opp. Madina Masjid, Amer Colony, Momin Pura, Beed.

**TEACHERS REQUIRED**

*Principal & Vice Principal* : (M/F)

* Post Graduate with B.Ed. With 4 to 5 years experience.
* Good in English Communication.
* Good at administrative skills.

*Teachers are required in different disciplines to teach* : (M/F)

* English, Hindi, Marathi, Maths, Science, Social Studies, Arts & Computer.

*from standard 5th to 10th*

Qualification :

B.A / M.A / B.Sc / M.Sc / MCA / B.Ed / M.ed / D.T.Ed

* Mother Teachers required for Pre-Primary and Primary classes.

Qualification : H.S.C., D.Ed.

The complete application CV, photograph and documents should reach the school address.

**Walk-in-Interview will be held from 3rd June (Tuesday) to 6th June (Friday) between 10.00 a.m. to 1.00 p.m.**

Note : Only candidate with **English Medium Schooling** need apply. Candidates who have **obtained first class** throughout prepared with the curriculum of Maharashtra State Board of their respective subjects & classes.

Address : Model English High School, Masrat Nagar, Jijamata Chowk, Beed.

Contact : 9762909160 / 9823567444 / 8793056030 / 9922873923

## उर्दू दैनिक तामीर के २५ वो साल में क़दम रखने पर एक और पेशकश

# बीड शहर और ग्रामीण इलाकों में बिजली समस्या का स्थायी समाधान निकट

## बिजली लोड का होगा विभाजन, २२० केवी लाइन से जोड़े जाएंगे नए सबस्टेशन





बीड, ४ जून (प्रतिनिधि):

बीड शहर और ग्रामीण इलाकों में जारी बिजली की आंखमिचौली अब जल्द ही खत्म होने वाली है। बार-बार हो रही बिजली कटौती से परेशान नागरिकों को जल्द ही राहत मिलने वाली है। विधायक संदीप क्षीरसागर के प्रयासों से इस दिशा में ठोस कदम उठाए गए हैं। अब शहर और ग्रामीण इलाकों में बिजली के भार का विभाजन कर एक वैकल्पिक व्यवस्था लागू की जा रही है, जिससे बिजली समस्या का स्थायी समाधान संभव होगा।

पिछले कुछ महीनों से बीड शहर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति लगातार बाधित हो रही थी। बार-बार की कटौती से नागरिकों को भारी असुविधा हो रही थी। इस गंभीर समस्या को देखते हुए विधायक संदीप क्षीरसागर ने बिजली लोड के विभाजन का विकल्प तैयार किया है।

फिलहाल बीड शहर और ग्रामीण क्षेत्रों के सभी सबस्टेशन १३२ केवी लाइन से जुड़े हैं, लेकिन यह आपूर्ति मांग के अनुसार पर्याप्त नहीं है। इस समस्या के समाधान के लिए अब २२० केवी की नई लाइन बिछाई जा रही है, जिसका कार्य तीव्र गति से प्रगति पर है।

जल्द ही बीड शहर के माळीवेस, एमआयडीसी, जालना रोड और पांगरी रोड स्थित सबस्टेशन, तथा ग्रामीण क्षेत्र के नामलगांव, पेंडगाव, कुक्कडगाव और ईट गांवों में स्थित जलापूर्ति उपकेंद्रों को १३२ केवी लाइन से हटाकर २२० केवी लाइन से जोड़ा जाएगा। इससे पूरे क्षेत्र में आवश्यकता के अनुसार भरपूर बिजली आपूर्ति संभव हो सकेगी।

इस परियोजना के अंतर्गत २२० केवी लाइन का कार्य प्रगति पर है। बुधवार (दिनांक ४ जून) को विधायक संदीप क्षीरसागर ने कार्यस्थल का प्रत्यक्ष निरीक्षण किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक सैय्यद सलीम, महावितरण विभाग तथा राष्ट्रीय महामार्ग प्राधिकरण के अधिकारी भी उपस्थित थे।

इस पहल से बीड शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में वर्षों से चली आ रही बिजली समस्या का स्थायी समाधान संभव हो पाएगा।

# बीड में खतरनाक अपराधी पर एमपीडीएके तहत कार्रवाई, हर्सूल जेल भेजा गया

## जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक की सख्ती से कानून व्यवस्था को मिला बल



बीड, ४ जून (प्रतिनिधि):

जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए बीड के पुलिस अधीक्षक श्री नवनीत कांवत और जिलाधिकारी श्री विवेक जॉनसन के नेतृत्व में लगातार कठोर कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में बीड शहर के खतरनाक अपराधी शेख नवीद शेख चांद (उम्र २७ वर्ष, निवासी मोमिनपुरा, जामा मस्जिद के पास) को महाराष्ट्र राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (चझऊ-) के अंतर्गत हिरासत में लेकर छत्रपती संभाजीनगर (औरंगाबाद) के हर्सूल कारागृह में स्थानबद्ध किया गया है।

अपराधों की लंबी फेहरिस्त:

शेख नवीद के खिलाफ पेठ बीड थाने में गंभीर प्रकार के कुल ७ मामले दर्ज हैं जिनमें घर में जबरदस्ती घुसना, छेड़छाड़, पहचान का दुरुपयोग कर लूट, गैरकानूनी जमावड़ा, दंगा, गंभीर चोट पहुंचाना, सड़क रोकना, सबूत नष्ट करना, अवैध हथियार रखना, निषेधाज्ञा का उल्लंघन, बाल लैंगिक शोषण, आपराधिक साजिश, जादूटोना प्रतिबंधक कानून का उल्लंघन, धोखाधड़ी और जालसाजी जैसे अपराध शामिल हैं।

पहले भी की गई थी कार्रवाई:

२ सितंबर २०२४ को आरोपी पर इछडड की धारा १२९ के अंतर्गत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई थी। इसके बावजूद उसने अपनी आपराधिक गतिविधियाँ जारी रखीं और बीड शहर व पेठ बीड क्षेत्र में भय का वातावरण बनाए रखा। आम नागरिक और व्यापारी उसके खिलाफ शिकायत करने से डरते थे।

प्रशासन की निर्णायक कार्रवाई:

इस खतरनाक प्रवृत्ति को देखते हुए पेठ बीड पुलिस थाने द्वारा दिनांक १३ मई २०२५ को शेख नवीद के विरुद्ध चझऊ- के अंतर्गत प्रस्ताव तैयार कर पुलिस अधीक्षक के माध्यम से जिलाधिकारी को प्रस्तुत किया गया। जिलाधिकारी श्री विवेक जॉनसन ने ३ जून २०२५ को चझऊ- कानून के तहत आदेश पारित करते हुए आरोपी को तुरंत हिरासत में लेकर हर्सूल जेल, छत्रपति संभाजीनगर में भेजने का निर्देश जारी किया।

इसके बाद पुलिस अधीक्षक ने पेठ बीड के पुलिस निरीक्षक और स्थायी गुन्हे शाखा (स्थागुशा) के अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। पुलिस टीम ने आरोपी को ३ जून की रात ११:२२ बजे बीड शहर से कानूनी प्रक्रिया के तहत गिरफ्तार कर, ४ जून की सुबह ४:१५ बजे हर्सूल जेल में स्थानबद्ध कर दिया।

पुलिस की कड़ी निगरानी और भविष्य की चेतावनी:

इस कार्रवाई का नेतृत्व पुलिस अधीक्षक श्री नवनीत कांवत, अप्पर अधीक्षक सचिन पांडकर के मार्गदर्शन में पो.नि. शिवाजी बंटेवाड (स्थागुशा बीड), पो.नि. अशोक मुदीराज, सहायक निरीक्षक मन्सूर शाह और पुलिसकर्मी सुभाष मोटे, नितेश माने, अश्फाक शेख, अल्ताफ शेख, अजीत शिकेतोड तथा अन्य अधिकारियों ने किया।

पुलिस अधीक्षक श्री नवनीत कांवत ने स्पष्ट किया है कि भविष्य में अवैध रेत व्यापार, गुटखा बिक्री, जरूरी वस्तुओं की कालाबाजारी, साम्प्रदायिक तनाव फैलाने वाले, दादागिरी और जबरन वसूली करने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ चझऊ- कानून के तहत सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# बालराजे पवार नए जोश के साथ मैदान में

## मुंडे साहब के विचारों को आगे बढ़ाने का संकल्प लेते हुए भाजपा के साथ ही रहने के संकेत



बीड़ (प्रतिनिधि):

दिवंगत लोकनेता गोपीनाथ मुंडे साहब की पुण्यतिथि के अवसर पर गोपीनाथगढ़ में आयोजित दर्शन कार्यक्रम में मुंडे साहब के कट्टर अनुयायी और पूर्व विधायक बालराजे पवार ने अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज कराई। इस मौके पर उन्होंने स्पष्ट रूप से मुंडे साहब के विचारों को आगे ले जाने की भूमिका निभाने की इच्छा जताई और भाजपा के साथ बने रहने का संकेत भी दिया।

गोपीनाथगढ़ में आयोजित कार्यक्रम में बालराजे पवार के समर्थकों की भारी भीड़ उमड़ी थी। इस सभा में बालराजे ने कहा कि वे मुंडे साहब के विचारों को आगे ले जाने के लिए पूरी ताकत से मैदान में उतरने जा रहे हैं। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि गोपीनाथ मुंडे की विचारधारा को आगे ले जाना ही उनका उद्देश्य है और इसी विचारधारा को लेकर वह भाजपा के साथ खड़े हैं।

भाजपा के वरिष्ठ नेता और सांसद डॉ. प्रीतम मुंडे से भी बालराजे पवार की भेंट हुई, जिससे यह संकेत और मजबूत हो गया कि वह भाजपा के साथ ही रहेंगे। साथ ही, बालराजे पवार ने यह भी स्पष्ट किया कि अब समय आ गया है कि वे नए जोश और ताकद के साथ जनसेवा के लिए सक्रिय हों।

भविष्य में बालराजे पवार की राजनीतिक दिशा क्या होगी, इस पर सभी की निगाहें टिकी हैं। लेकिन गोपीनाथगढ़ की इस सभा ने यह संकेत जरूर दे दिया है कि वे भाजपा के साथ रहकर ही अपनी राजनीतिक भूमिका निभाएंगे।

# कंटेनर की टक्कर से बाइक सवार की मौके पर मौत

## बीड-मांजरसुंबा रोड पर कोलवाड़ी फाटे के पास भीषण हादसा

बीड, ४ जून (प्रतिनिधि):

बीड की ओर आ रहे एक बाइक सवार को तेज़ रफ्तार कंटेनर ने पीछे से टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। यह भीषण दुर्घटना बुधवार शाम लगभग ६ बजे मांजरसुंबा रोड पर कोलवाड़ी फाटे के समीप घटी। पुलिस ने टक्कर मारने वाले कंटेनर को कब्जे में ले लिया है।

मृतक की पहचान शेख अथर दाऊद (उम्र ४७ वर्ष), निवासी मोहम्मदिया कॉलोनी, बीड के रूप में हुई है। वे बाइक से बीड की ओर आ रहे थे कि तभी पीछे से आए तेज रफ्तार कंटेनर ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कंटेनर बाइक व सवार को दूर तक घसीटता ले गया, जिससे घटनास्थल पर खून और मांस के टुकड़े बिखर गए।

सूचना मिलते ही बीड ग्रामीण पुलिस घटनास्थल पर पहुँची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। वहीं, आरोपी कंटेनर चालक को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। घटना की खबर मिलते ही जिला अस्पताल में मृतक के परिजनों और स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई थी। जाँच जारी है।







दैनिक भारत की तामीर अखबार के मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक काजी मखदूम शफीउद्दीन ने आरएम प्रिंटरर्स, बार्शी रोड, बीड 431122 महाराष्ट्र में मुद्रित कर के दैनिक तामीर, नगर परिषद परिसर, बशीर गंज, बीड, महाराष्ट्र कार्यालय से प्रकाशित किया है। मोबाइल : 9270574444 ईमेल : hinditameer@gmail.com वेबसाइट : www.dailytameer.com

daily Bharat ki tameer newspaper owner printer publisher editor Quazi makhdoom shafiuddin has printed at RM printers barshi road beed 431122 Maharashtra at published at office daily tameer nagar parishad complex Bashir gunj beed Maharashtra. Mobile : 9270574444 Email : hinditameer@gmail.com Website : www.dailytameer.com